दिनांक 17 अगस्त 2022 को डी.एस.एन. कॉलेज, उन्नाव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय , भारत सरकार के अभियान के अंतर्गत **'नशामुक्त भारत अभियान'** विषय पर कार्यक्रम व **नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण** का कार्य किया गया |

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शुक्ला ने 'नशा' जैसी सामाजिक समस्या के विभिन्न कारकों व आयामों पर विचार रखते हुए इससे व्यक्ति के व्यक्तित्व तथा पारिवारिक विघटन व सामाजिक विघटन से राष्ट्र की बड़ी मानव शक्ति की क्षति का होना बताया |

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी के निर्देशन में नशा मुक्त भारत अभियान के लिए हस्ताक्षर करवाया गया |

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ . हरिशंकर यादव एवं शिक्षक गण डॉ उमेश चंद्र बाजपेई , डॉ प्रदीप गुप्ता , डॉ राजेश श्रीवास्तव , डॉ मनीष त्रिपाठी , डॉ रजीत सिंह आदि एवं सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे |

अंत में, माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत सभी लोगों को स्वयं नशा न करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी ऐसा न करने की प्रेरणा देने की शपथ ली गई।

iQOO Z3 · यादव ji
Aug 17, 2022, 12:59

2022/08/17 12:57

SARNATH B.ED 20
NATIONAL CADET CORPS